हिन्दुस्तान

## यूपी में 36 लाख करोड़ के निवेश से बनेंगे अवसर

# एक करोड़ युवाओं को रोजगार: योगी

**ऐलान**

**04** सौ अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**18** और 20 को फिर नियुक्ति पत्र वितरण



लोकभवन में शनिवार को नवचयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद मौजूद रहे।

### गोंडा में सीएम बोले, बाढ़ में जनधन की हानि न हो

**गोण्डा, संवाददाता।** मुख्यमंत्री ने जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के साथ उमरी बेगमगंज क्षेत्र के ऐली परसौली गांव के घोड़हनपुरवा के पास भिखारीपुर-सकरौर बंधे का निरीक्षण किया। सीएम ने कहा कि सरयू व घाघरा के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। ढाई लाख क्यूसेक पानी पास हो रहा है। बाढ़ के खतरे से सतर्क रहें, जिससे जनधन की हानि न होने पाए। ब्योरा P14

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** युवाओं की हौसला अफजाई करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी के युवाओं को रोजगार के लिए कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। आज प्रदेश दूसरे राज्यों के युवाओं को रोजगार देने की क्षमता रखता है। राज्य में 36 लाख करोड़ के निजी निवेश के जरिए युवाओं के लिए एक करोड़ नौकरियों का इंतजाम होगा।

मुख्यमंत्री ने यह बातें शनिवार को लोकभवन में 400 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार के सृजन की दिशा में नए कदम आगे बढ़ाते हुए 18 और 20 जुलाई को नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम करेगी। राज्य के माहौल को युवाओं के लिए अनुकूल बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरी देने के लिए ग्रुप टू और थ्री के नॉन गजटेड पदों में इंटरव्यू की प्रक्रिया को समाप्त किया गया है, जो सरकार के हर युवा को नौकरी उपलब्ध कराने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

**युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ रहा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सरकार की कार्यपद्धति में कोई खोट नहीं होता है तो उसके कार्यों का लाभ पूरे प्रदेशवासियों को मिलता है। आज प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में नहीं भटकना पड़ रहा है। छह वर्षों में लगभग 6 लाख शासकीय नियुक्तियां दी गई हैं। इन नियुक्तियों की प्रक्रिया में कोई प्रश्न खड़ा नहीं कर पाया। साथ ही किसी भी विभाग के नियुक्ति की कोई भी प्रक्रिया न्यायालय में लंबित नहीं है और न ही न्यायालय द्वारा कोई टिप्पणी की गयी। आज निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, शिक्षा आयोग या विभिन्न विभागों के स्तर पर चयन की प्रक्रिया संपन्न हो रही है।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, आशीष पटेल, राजस्व परिषद के अध्यक्ष संजय मित्तल, अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा कल्पना अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान मौजूद रहे।

प्रदेश के युवाओं का हर जगह सम्मान और स्वागत P13